राजस्थान आवासन मंडल

कोचिंग हब समेत बोर्ड की प्रदेश भर में चल रही विभिन्न परियोजनाओं सहित विस्तार से चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए

कोचिंग हब के स्कल्पचर डिजाइन को अंतिम रूप देने पर डिटेल्ड डिस्कसन

राजगंगा, जयपुर।

जयपुर के प्रतापनगर में बन रहे कोचिंग हब का स्कल्पचर डिजाइन अनूठा होगा। इसको अंतिम रूप देने के लिए राजस्थान आवासन मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा ने गुरुवार को मंडल मुख्यालय पर एक अहम बैठक बुलाई। जिसमें कोचिंग हब समेत बोर्ड की प्रदेश भर में चल रही विभिन्न परियोजनाओं सहित विस्तार से चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए। अरोड़ा ने कहा कि मंडल द्वारा सभी

निर्माणाधीन भवनों को आकर्षक लुक दिया जा रहा है। कोचिंग हब में छात्र-छात्राओं और आगंतुकोंकोसकारात्मकमाहौलउपलब्धकराने के लिए भवन को आकर्षक बनाया जा रहा है। जयपुर प्रताप नगर के सेक्टर 16 में बन रहे कोचिंग हब को विश्वस्तरीय और आकर्षक बनाने के लिए मैसर्स आइडिया, मैसर्स मानव मूर्ति आर्ट के प्रतिनिधियों ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण में भवन के मेन एंट्रेंस, एंपीथियेटर, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स एरिना के स्कल्पचर की डिजाइन के कई विकल्प प्रस्तुत किए। आयुक्त ने डिजाइनों में सुधार के कई अहम सुझाव भी दिए।